कार्यशाला कि मुख्य सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में राष्ट्रीय संगीतज्ञ परिवार के महानिदेशक पं. देवेंद्र वर्मा का सम्मान डा. राहुल स्वर्णकार एवं आकाश जैन ने किया। विशेषज्ञ देवेंद्र वर्मा ने रागों में निहित सौंदर्य, लयत्व एवं रागत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद भीम पलासी पर आधारित स्वरचित बंदिश धवंशी बजावो बनवारी एवं लचक लचक चलत चाल मोहिनीध यह आकर्षक बंदिश का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया। कार्यशाला में प्रेम चतुर्वेदी, डा. विभूति मलिक सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय शैलेन्द्र सिंह राजपूत, आकाश जैन एवं यशगोपाल श्रीवास्तव ने किया। कार्यशाला के संयोजक डा. अवधेश प्रताप तोमर के नेतृत्व में किंया व संचालन क्षितिज जैन ने किया।



डा. हरीसिंह गौर विवि के संगीत विभाग में विद्यार्थियों को संगीत की जानकारी देते हुए विशेषज्ञ। ● नवदुनिया

विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति: कार्यशाला के दौरान गौरांगी, पल्लवी, उमा, वंशिका, आशी, साक्षी ने मां सरस्वती की वंदना सस्वर की तबले पर तेजस पटैल एवं हारमोनियम पर संगत अंशुल आठिया ने की। कार्यशाला के सत्र पूर्व प्रस्तुति में आशुतोष श्रीवास्तव ने ताल जय ताल में प्रस्तुति दी।

हारमोनियम पर संगत यशगोपाल श्रीवास्तव ने की। द्वितीय क्रम में निखिल सोनी ने राग तोड़ी की प्रस्तुति दी तबले पर संगत शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने की। कार्यशाला के अंत में कार्यशाला के संयोजक डा. राहुल स्वर्णकार ने सभी का आभार व्यक्त किया। आज विषय विशेषज्ञ के रूप में डा. विभूति मलिक एवं प्रेम कुमार रहेंगे।

'बहुआयामी विषय है मानवविज्ञान'

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के मानवविज्ञान विभाग के 66 वें स्थापना दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि प्रॉक्टर प्रो. चन्दा बैन ने कहा कि विभाग ने शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त, गुणवत्ता युक्त शोध, राष्ट्रीय, व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशन करके विभाग एवं विश्वविद्यालय का नाम ऊँचाईयों पर पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि मानव विज्ञान एक बहुआयमी, उपयोगी एवं विषय है जो मनुष्य के बारे में समझने का अवसर प्रदान करती है। विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार गौतम, अधिष्ठाता व्यवहारिक विज्ञान अध्ययन शाला प्रो. के के एन शर्मा ने भी अपने-अपने विचार रखे। विद्यार्थियों के द्वारा परिसर में पौधरोपण, स्वच्छता अभियान के तहत सामूहिक साफ सफाई की।

स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विष्वविद्यालय सागर के मानवविज्ञान विभाग के 66वें स्थापना दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. चन्दा बैन ने कहा कि मानव विज्ञान एक बहुआयमी, उपयोगी एवं विषय है जो मनुष्य के बारे में समझने का अवसर प्रदान करती है. यह विषय शारीरिक पक्ष के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र में भी अध्ययन करने का अवसर देती है. प्रो. राजे. कुमीार गौतम विभागाध्यक्ष मानव विज्ञान विभाग ने 66 स्थापना दिवस पर विभाग की शैक्षणिक उपलब्धियाँ, इस विषय से जुड़े हुये रोजगार क्रे क्षेत्र में ऊँचाईयों पर पहुँचे हुये विद्यार्थीयों के नाम बताए. प्रो. केकेएन शर्मा अधिष्ठाता व्यवहारिक विज्ञान अध्ययन शाला ने विभाग के पूर्ववर्ती प्रोफेसरों द्वारा किये गये कार्यो की सराहना करते हुये विचार रखे. विभागीय परिसर में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान के तहत सामूहिक साफ सफाई करके श्रम दान किया. स्वागत उद्बोधन डॉ. सोनिया कौशल, संचालन रोहित राय, आभार डॉ. अरिबम विजया सुन्दरी देवी, सर्वेन्द्र यादवा ने माना.

समुन्दर से ज्यादा गहराई यदि कहीं और है तो वो बस सुरों के भीतरः सोहगौरा

सागर, आचरण संवाददाता।

संगीत विभाग, डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला गुरु नमन अंतिम दिवस रहा। समापन सत्र के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो पीके कठ्ल ने की जिन्ह प्रभारी कुलपति ने अपना प्रतिनिधि के रूप में भेज। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव संतोष सोहगौरा जी रहे। आपने संगीत विभाग के लिए यथासंभव मदद पहुंचाने का आश्वासन भी दिया और साथ ही नवीन भवन में इस प्रथम भव्य आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की और सभी विद्यार्थियों को और मेहनत करने का संदेश दिया आभार प्रदर्शन डॉ. ललित मोहन संगीत विभागाध्यक्ष एवं डीन.एआईएस ने किया। विभाग से सभी सदस्यों को आपने इस सप्त दिवसीय कार्यशाला जिसे निशुल्क आयोजित किया गया के सफल आयोजन की बधाई दी। विश्वविद्यालय ने त्वरित अनुमोदन कर इसे साकार किया । सफल समापन डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर के कुशल समन्वय में हुआ। मुख्य सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. राहुल स्वर्णकार जी रहे जिन्होंने कार्यक्रम के संयोजन के साथ साथ सत्र में उठान, पेशकार, उपज, कायदा आदि को सविस्तार समझाया।

तबले की पुरानी वादन शैली का वर्तमान में क्या अस्तित्व है इस पर भी डॉ स्वर्णकार ने विस्तार से वर्णित किया। आंमत्रित विषय विशेषज्ञ के रूप में आदर्श संगीत महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमति रागिनी श्रीवास्तव रही। आपने कत्थक नृत्य का सविस्तार परिचय दिया। नाट्यकला एवं संगीत कला का आविर्भाव पृथ्वी पर कैसे हुआ इस तथ्य को डॉ. अपर्णा चाचोंदिया जी द्वारा बताया गया। जो कि शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर में पदस्थ हैं। कार्यशाला का यह सत्र प्रस्तुति सह्वयख्यान पर आधारित रहा। कत्थक नृत्य की परिभाषिक शब्दावली उठान, आमद, थाट, सलामी,तोड़ा आदि को आरोही श्रीवास्तव के द्वारा प्रस्तुत किया गया। हारमोनियम पर शोध छत्र यशगोपाल श्रीवास्तव एवं तबले पर शैलेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा सफल संगत की गई। समापन सत्र के अवसर पर सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती पूजन कर सत्र का प्रारम्भ किया। कौशल मेहरा एवं निखिल सोनी के द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की गई, तबले पर संगत गगन राज ने की।

सप्त दिवस के अभ्यास सत्र में शोध छत्र आकाश जैन ने संगीत शास्त्र पर प्रकाश डाला। विभागीय प्रबंधन में अरुण रैकवार एव सुरेंद्र गर्ग ने सहयोग दिया।

विवि में गुरु नमन कार्यशाला का समापन



विवि के संगीत विभाग में आयोजित कार्यशाला का मंगलवार का समापन हुआ। ● **नवदुनिया**

सागर (नवदुनिया प्रतिनिधि)। डा. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला गुरु नमन का मंगलवार को समापन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. पीके कठल ने की। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव संतोष सोहगौरा ने संगीत विभाग के लिए यथासंभव मदद पहुंचाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को और मेहनत करने का संदेश दिया। आभार प्रदर्शन डा. ललित मोहन संगीत विभागाध्यक्ष एवं डीनएआईएस ने किया। सफल समापन डा. अवधेश प्रताप सिंह तोमर के कुशल समन्वय में हुआ।

मुख्य सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में डा. राहुल स्वर्णकार रहे, जिन्होंने कार्यक्रम के संयोजन के साथ साथ सत्र में उठान ,पेशकार,उपज , कायदा आदि को सविस्तार समझाया।

आंमत्रित विषय विशेषज्ञ के रूप में आदर्श संगीत महाविद्यालय की प्राचार्या रागिनी श्रीवास्तव ने कत्थक नृत्य का सविस्तार परिचय दिया। डा. अपर्णा चाचोंदिया द्वारा नाट्यकला एवं संगीत कला का आविर्भाव पृथ्वी पर कैसे हुआ इस तथ्य को बताया गया।

कार्यशाला का यह सत्र प्रस्तुति सह्वयख्यान पर आधारित रहा। कत्थक नृत्य की परिभाषिक शब्दावली उठान, आमद , थाट, सलामी,तोड़ा आदि को आरोही श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। हारमोनियम पर शोध छात्र यशगोपाल श्रीवास्तव एवं तबले पर शैलेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा सफल संगत की गई।

आयोजन • केंद्रीय विश्वविद्यालय में सात दिवसीय संगीत गुरु नमन कार्यशाला का समापन

गुरु और उनका आशीर्वाद भारतीय परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग: सोहगौरा

भास्कर संवाददाता | सागर

डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में चल रही सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला गुरु नमन का मंगलवार को समापन हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो. पीके कठल द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव संतोष सोहगौरा ने संगीत विभाग के लिए यथासंभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया।

कुलसचिव सोहगौरा ने कहा कि गुरु का महत्व उनके शिष्यों को भली भांति पता होता है। अगर गुरु नहीं तो शिष्य भी नहीं, अर्थात गुरु के बिना शिष्य का कोई अस्तित्व नहीं होता है। प्राचीन काल से गुरु और उनका आशीर्वाद, भारतीय परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग है।

मुख्य सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. राहुल स्वर्णकार रहे। उन्होंने कार्यक्रम के संयोजन के साथ-साथ सत्र में उठान, पेशकार, उपज, कायदा आदि को सविस्तार समझाया। साथ ही तबले की पुरानी वादन शैली का वर्तमान में क्या अस्तित्व है, इस पर भी डॉ. स्वर्णकार ने प्रकाश डाला। आमंत्रित विषय विशेषज्ञ के रूप में आदर्श संगीत महाविद्यालय की प्राचार्या रागिनी श्रीवास्तव रहीं। इन्होंने कत्थक नृत्य का सविस्तार परिचय दिया। नाट्य कला एवं संगीत कला का आविर्भाव पृथ्वी पर कैसे हुआ, इस तथ्य को डॉ. अपर्णा चाचोंदिया द्वारा बताया गया। कार्यशाला का यह सत्र प्रस्तुति सहव्याख्यान पर आधारित रही। कत्थक नृत्य की परिभाषिक शब्दावली उठान, आमद, थाट, सलामी, तोड़ा आदि को आरोही श्रीवास्तव के द्वारा प्रस्तुत किया गया। हारमोनियम पर शोध छात्र यशगोपाल श्रीवास्तव एवं तबले पर शैलेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा सफल संगत की गई। कौशल मेहरा एवं निखिल सोनी के द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की गई। तबले पर संगत गगन राज ने की। सात दिवसीय अभ्यास सत्र में शोध छात्र आकाश जैन ने संगीत शास्त्र पर प्रकाश डाला। विभागीय प्रबंधन में सहयोग अरुण रैकवार एवं सुरेंद्र गर्ग ने दिया। सफल समापन डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर के कुशल समन्वय में हुआ। आभार प्रदर्शन डॉ. ललित मोहन एवं डीन एआईएस ने माना।

'समुन्दर से ज्यादा गहराई यदि कहीं और है तो वो बस सुरों के भीतर'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सागर. डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला गुरु नमन का मंगलवार को समापन हो गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. पीके कठल ने की। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव संतोष सोहगौरा मौजूद रहे। समापन अवसर पर डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर के कुशल समन्वय में हुआ। मुख्य सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. राहुल स्वर्णकार उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम के संयोजन के साथ-साथ सत्र में उठान, पेशकार, उपज, कायदा आदि को सविस्तार समझाया। तबले की पुरानी वादन शैली का वर्तमान में क्या अस्तित्व है। इस पर भी डॉ. स्वर्णकार ने विस्तार से वर्णित किया। आमंत्रित विषय विशेषज्ञ के रूप में आदर्श संगीत महाविद्यालय की प्राचार्या रागिनी श्रीवास्तव रही। उन्होंने कत्थक नृत्य का सविस्तार परिचय दिया। नाट्यकला एवं संगीत कला का आविर्भाव पृथ्वी पर कैसे हुआ। इस तथ्य को डॉ. अपर्णा चाचोंदिया द्वारा बताया गया, जो कि शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर में पदस्थ हैं।

आर्थिक संपन्न वर्ग में वैश्वीकरण के प्रभाव से खाद्य विकल्पों में बदलाव का विस्फोट हो रहा : प्रो. वेदवान

विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग के स्थापना दिवस पर शोध पत्रिका का प्रकाशन

भास्कर संवाददाता | सागर

आर्थिक संपन्न वर्गों में वैश्वीकरण के प्रभाव के कारण खाद्य विकल्पों में बदलाव का विस्फोट देखने में आ रहा है। विकासशील देशों में पशु उत्पादों के बढ़ते उपभोग की प्रवृत्ति एवं इससे जुड़ी चुनौतियों पर शोध अध्ययन में सामने आया है कि ग्रीन हाउस, गैस उत्सर्जन का एक कारण पशुधन एवं मांसाहार है। पशु उत्पाद के उपभोग की प्रवृत्ति में कमी आने के कारण उद्योग जगत में परिवर्तन आ रहे हैं। कुछ वर्गों ने अपने आहार में बदलाव करते हुए मांसाहार बंद कर दिया है। यह बात यूएसए के पर्यावरण मानव विज्ञानी प्रो. नीरज वेदवान ने कही। वे डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग के 66वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने ऑनलाइन जुड़कर पश्चिम देशों में खान पान आहार की चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में आहार का जो प्रचलन है। उन खाद्य सामग्रियों के उपयोग के विकल्पों और सांस्कृतिक मूल्यों पर अध्ययन किया गया है। इसमें देखने में आया है कि पश्चिम देशों में निवासरत लोगों के खानपान में मांसाहार होने से पोषक तत्वों की कमियां आ रही हैं। इससे उनकी जीवन शैली पर अनेक समस्याएं एवं चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। लोगों में खाद्य सामग्रियों के प्रति असुरक्षा की स्थिति बन रही है। जिससे उद्योगों में भी परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आहार, खान-पान पर भौगोलिक और प्राकृतिक पर्यावरण के अनुरूप गहन शोध करने की जरूरत है। मास्को के याहूदकोविस ने पश्चिमी देशों में स्वास्थ्य एवं रोगों पर चिकित्सीय मानव विज्ञानी महत्व विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मनुष्यों को बहुआयामी परिस्थितिकी दृष्टिकोण से देखा जाता है। वह नृविज्ञान एवं अनुप्रयुक्त मानव विज्ञान के सबसे उच्च विकसित क्षेत्रों में से एक है और सामाजिक, सांस्कृतिक नृविज्ञान का घटक है। वह उन तरीकों की जांच करता है जिसमें संस्कृति, समाज एवं स्वास्थ्य के मुद्दे प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल एंथ्रोपोलॉजी वर्ष 1963 से सामाजिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य, बीमारी और इनसे जुड़ी देखभाल पर अनुसंधान किया गया। यूरोप में इसमें चिकित्सा नृविज्ञान, स्वास्थ्य नृविज्ञान, बीमारी के नृविज्ञान शब्द का प्रयोग किया गया है। मानव विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार गौतम ने कहा कि दुनियाभर में शोध के क्षेत्रों में नवीन तकनीकी शोध प्रणालियों का उपयोग किया जा रहा है। विभाग में 27 शोधार्थी अपने विभिन्न विषयों पर शोधरत हैं। वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध के अनुरूप अग्रसर हों इसके लिए विभाग ने रूस के साथ शैक्षणिक एवं शोध कार्यों के लिए समझौता किया है। भविष्य में नए वैज्ञानिक पक्ष के साथ शोध परिणाम प्राप्त हो सकेंगे। संचालन डॉ. सर्वेन्द यादव, डॉ. आरिबम विजया सुन्दरी तथा आभार डॉ. सोनिया कौशल ने माना।

विश्वविद्यालय : प्रबंधन, इंजीनियरिंग के चार नए पाठ्यक्रम स्वीकृत

शीघ्र ही प्रारम्भ होगी प्रवेश प्रक्रिया

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में अब इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी प्रारम्भ होगी। साथ ही हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट और ट्रेवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट पाठ्यक्रम भी शुरू किये जा रहे हैं। आल इण्डिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन एआईसीटीई शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की स्वीकृति दे दी है। कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में नए स्वीकृत पाठ्यक्रमों को लेकर एक बैठक संपन्न हुई जिसमें उन्होंने इंजीनियरिंग के दो नए पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में प्रवेश दिए जाने की कार्ययोजना तैयार करने संबंधी दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मैनेजमेंट के दो नए पीजी पाठ्यक्रमों हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट तथा ट्रेवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में भी प्रवेश दिए जाने की भी रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग का सृजन किया जा चुका है। अभी इंजीनियरिंग के दो पाठ्यक्रमों से शुरुआत हो रही है। भविष्य में इंजीनियरिंग की अन्य शाखाओं के पाठ्यक्रम भी शुरू किये जाएंगे।

विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे चारों पाठ्यक्रम

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के चार नए पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति मिली है। पर्यटन उद्योग की दृष्टि से बुंदेलखंड एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र है। उत्तम स्वास्थ्य हमारे लिए अपरिहार्य है। कोरोना काल ने हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर मैनेजमेंट की आवश्यकता महसूस कराई। विश्वविद्यालय में पहली बार इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं। रोजगार की दृष्टि से यह चारों ही पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण हैं जो विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होंगे।

मैनेजमेंट के दोंनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों की मिली स्वीकृति

प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ भागवत ने बताया कि मैनेजमेंट के दोनों नए पीजी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों की स्वीकृति मिली है। आगामी अकादमिक सत्र से प्रवेश दिए जाने संबंधी आवश्यक तैयारी की जा रही है। इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के प्रभारी निदेशक प्रो आशीष वर्मा ने बताया कि इंजीनियरिंग के दोनों यूजी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों की स्वीकृति मिली है जिसमें प्रवेश दिए जाने संबंधी आवश्यक तैयारी की जा रही है। बैठक में कुलसचिव संतोष सोहगौरा, निदेशक अकादमिक अफेयर्स प्रो नवीन कानगो एवं प्रभारी मीडिया अधिकारी डॉ विवेक जायसवाल उपस्थित रहे।

विवि में अब इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू होगी

सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विवि में अब इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी प्रारम्भ होगी. साथ ही हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट और ट्रेवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट पाठ्यक्रम भी शुरू किये जा रहे हैं. आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन एआईसीटीई शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की स्वीकृति दे दी है. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में नए स्वीकृत पाठ्यक्रमों को लेकर बैठक संपन्न हुई.

उन्होंने इंजीनियरिंग के दो नए पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में प्रवेश दिए जाने की कार्ययोजना तैयार करने संबंधी दिशा-निर्देश दिए.

संक्षिप्त समाचार

चार नए पाठ्यक्रम स्वीकृत, शीघ्र ही प्रारम्भ होगी प्रवेश प्रक्रिया

सागर, आचरण। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में अब इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी प्रारम्भ होगी. साथ ही 'हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट' और 'ट्रेवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट' पाठ्यक्रम भी शुरू किये जा रहे हैं. आल इण्डिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की स्वीकृति दे दी है. कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में नए स्वीकृत पाठ्यक्रमों को लेकर एक बैठक संपन्न हुई जिसमें उन्होंने इंजीनियरिंग के दो नए पाठ्यक्रमों 'कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग' एवं 'इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग' में प्रवेश दिए जाने की कार्ययोजना तैयार करने संबंधी दिशा निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने मैनेजमेंट के दो नए पीजी पाठ्यक्रमों 'हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट' तथा 'ट्रेवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट' में भी प्रवेश दिए जाने की भी रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में 'इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग' का सृजन किया जा चुका है. अभी इंजीनियरिंग के दो पाठ्यक्रमों से शुरुआत हो रही है. भविष्य में इंजीनियरिंग की अन्य शाखाओं के पाठ्यक्रम भी शुरू किये जायेंगे। यह हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के चार नए पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति मिली है. पर्यटन उद्योग की दृष्टि से बुंदेलखंड एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र है. उत्तम स्वास्थ्य हमारे लिए अपरिहार्य है. कोरोना काल ने हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर मैनेजमेंट की आवश्यकता महसूस कराई. विश्वविद्यालय में पहली बार इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम शुरू किये जा रहे हैं. रोजगार की दृष्टि से यह चारों ही पाठ्यक्रम महत्त्वपूर्ण हैं जो विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होंगे। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्री भागवत ने बताया कि मैनेजमेंट के दोनों नए पीजी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों की स्वीकृति मिली है. आगामी अकादमिक सत्र से प्रवेश दिए जाने संबंधी आवश्यक तैयारी की जा रही है. 'इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग' के प्रभारी निदेशक प्रो. आशीष वर्मा ने बताया कि इंजीनियरिंग के दोनों यूजी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों की स्वीकृति मिली है जिसमें प्रवेश दिए जाने संबंधी आवश्यक तैयारी की जा रही है. बैठक में कुलसचिव संतोष सोहगौरा, निदेशक अकादमिक अफेयर्स प्रो. नवीन कानगो एवं प्रभारी मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल उपस्थित रहे।

अच्छी खबर : डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग व हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनजमेंट व टूरिज्म मैनजमेंट कोर्स

दो-दो नए कोर्स के लिए 60-60 सीटें हुईं मंजूर, जल्द होंगे प्रवेश

नए स्वीकृत पाठ्यक्रमों को लेकर बैठक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में अब इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी होगी। साथ ही हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट और ट्रेवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। आल इण्डिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीइ) शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू करने की मंजूरी दे दी है।

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में नए स्वीकृत पाठ्यक्रमों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने इंजीनियरिंग के दो नए पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में प्रवेश दिए जाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मैनेजमेंट के दो नए पीजी पाठ्यक्रमों हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट और ट्रेवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में भी प्रवेश दिए जाने की भी रूपरेखा तैयार करने का कहा है।

प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भागवत ने बताया कि मैनेजमेंट के दोनों नए पीजी पाठ्यक्रम व इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग 60-60 सीटों की स्वीकृति मिली है। आगामी अकादमिक सत्र से प्रवेश दिए जाने संबंधी आवश्यक तैयारी की जा रही है। बैठक में कुलसचिव संतोष सोहगौरा, निदेशक अकादमिक अफेयर्स प्रो. नवीन कांगो व प्रभारी मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के चार नए पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति मिली है। पर्यटन उद्योग की दृष्टि से बुंदेलखंड एक महत्वपूर्ण केंद्र है। विश्वविद्यालय में पहली बार इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। रोजगार की दृष्टि से यह चारों ही पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण हैं।

प्रो. नीलिमा गुप्ता, कुलपति

विवि में अब जल्द शुरु होगी इंजीनियरिंग की पढ़ाई, शीघ्र ही प्रारंभ होगी प्रवेश प्रक्रिया

सागर (नवदुनिया प्रतिनिधि)। डाक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में अब इंजीनियरिंग की पढाई भी प्रारंभ होगी। साथ ही हेल्थ केयर एंड हास्पिटल मैनेजमेंट और ट्रेवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट पाठ्यक्रम भी शुरु किए जा रहे हैं। आल इण्डिया काउंसिल फार टैक्निकल एजुकेशन (एआइसीटीइ), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति दे दी है।

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में नए स्वीकृत पाठ्यक्रमों को लेकर एक बैठक संपन्न हुई जिसमें उन्होंने इंजीनियरिंग के दो नए पाठ्यक्रमों कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में प्रवेश दिए जाने की कार्ययोजना तैयार करने संबंधी दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मैनेजमेंट के दो नए पीजी पाठ्यक्रमों हेल्थ केयर एंड हास्पिटल मैनेजमेंट व ट्रेवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में भी प्रवेश दिए जाने की भी रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के समय विवि के अधिकारी व कर्मचारियों को भी चिकित्सा सेवा के लिए परेशान होना पड़ा था, लेकिन विवि में भी अब स्वास्थ्य सेवा में सुधार होगा।

स्वीकृति : प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग के चार नए पाठ्यक्रम स्वीकृत



डाक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय। • नवदुनिया

60-60 सीटों की मिली स्वीकृति

प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. भागवत ने बताया कि मैनेजमेंट के दोनों नए पीजी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों की स्वीकृति मिली है। आगामी अकादमिक सत्र से प्रवेश दिए जाने संबंधी आवश्यक तैयारी की जा रही है। इंस्टिट्यूट आफ इंजीनियरिंग के प्रभारी निदेशक प्रो. आशीष वर्मा ने बताया कि इंजीनियरिंग के दोनों यूजी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों की स्वीकृति मिली है, जिसमें प्रवेश दिए जाने संबंधी आवश्यक तैयारी की जा रही है। बैठक में कुलसचिव संतोष सोहगौरा, निदेशक अकादमिक अफेयर्स प्रो. नवीन कानगो एवं प्रभारी मीडिया अधिकारी डा. विवेक जायसवाल उपस्थित रहे।

इंजीनियरिंग के नए पाठ्यक्रम भी होंगे शुरू

विवि में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरु होने से विद्यार्थियों को ज्यादा रकम भी खर्च नहीं करना होगी। प्रारंभिक तौर पर विवि में अभी इंजीनियरिंग के दो पाठ्यक्रमों से शुरुआत हो रही है। भविष्य में इंजीनियरिंग की अन्य शाखाओं के पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। इससे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को सरकारी कालेज में प्रवेश के लिए परेशान नहीं होना होगा।

विवि को इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के चार नए पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति मिली है, पर्यटन उद्योग की दृष्टि से बुंदेलखंड एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र है। उत्तम स्वास्थ्य हमारे लिए अपरिहार्य है। कोरोना काल ने हास्पिटल एंड हेल्थ केयर मैनेजमेंट की आवश्यकता महसूस कराई। विश्वविद्यालय में पहली बार इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। रोजगार की दृष्टि से यह चारों ही पाठ्यक्रम मत्वपूर्ण हैं जो विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होंगे।

- प्रो. नीलिमा गुप्ता, कुलपति, डा. हरीसिंह गौर विवि सागर

उच्च शिक्षा: इंजीनियरिंग और प्रबंधन के चार नए कोर्स शुरू करने की मिली स्वीकृति, चारों कोर्स में 60-60 सीटें होंगी, इसी सत्र से 240 सीट पर मिलेगा प्रवेश

विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग की पढ़ाई होगी, एमबीए के दो नए कोर्स भी स्वीकृत

भास्कर संवाददाता | सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में नए सत्र से इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी होगी। साथ ही प्रबंधन के दो नए कोर्स भी शुरू होंगे। इंजीनियरिंग में बीटेक के दोनों पाठ्यक्रमों की डिग्री 4-4 साल की होगी, जबकि प्रबंधन के दोनों पाठ्यक्रम 2 साल के होंगे। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति दे दी है। इसी प्रकार प्रबंधन के दो नए पाठ्यक्रम शुरू करने की भी स्वीकृति मिल गई है। विश्वविद्यालय में प्रबंधन की पढ़ाई पहले से ही हो रही है। उसमें दो नए पाठ्यक्रम और जुड़ने जा रहे हैं। सत्र 2022-23 से ही एडमिशन दिए जाएंगे। इसके लिए एक एडवाइजरी कमेटी का गठन किया गया है, जो एडमिशन की प्रक्रिया तय करेगी। प्रत्येक पाठ्यक्रम में 60-60 सीट स्वीकृत हुई हैं। इस हिसाब से 240 सीट पर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में नए स्वीकृत पाठ्यक्रमों के संबंध में बैठक हुई। जिसमें उन्होंने इंजीनियरिंग के दो नए पाठ्यक्रम 'कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग' एवं 'इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग' में प्रवेश दिए जाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रबंधन के दो नए पीजी पाठ्यक्रम 'हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट' तथा 'ट्रेवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट' में भी प्रवेश दिए जाने की भी रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया। कुलपति ने कहा विश्वविद्यालय में 'इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग' का सृजन किया जा चुका है। अभी इंजीनियरिंग के दो पाठ्यक्रमों से शुरुआत हो रही है। भविष्य में इंजीनियरिंग की अन्य ब्रांच के पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे। पर्यटन उद्योग की दृष्टि से बुंदेलखंड महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक केंद्र है। उत्तम स्वास्थ्य हमारे लिए जरूरी है। कोरोना काल ने हॉस्पिटल एंड हेल्थ केयर मैनेजमेंट की आवश्यकता महसूस कराई। विश्वविद्यालय में पहली बार इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। रोजगार की दृष्टि से यह चारों ही पाठ्यक्रम महत्वपूर्ण हैं जो विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होंगे। व्यवसाय एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीभागवत ने बताया कि मैनेजमेंट के दोनों नए पीजी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीट की स्वीकृति मिली है। आगामी अकादमिक सत्र से प्रवेश दिए जाने संबंधी आवश्यक तैयारी की जा रही है। इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के प्रभारी निदेशक प्रो. आशीष वर्मा ने बताया कि इंजीनियरिंग के दोनों यूजी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीट की स्वीकृति मिली है। इनमें प्रवेश देने के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। बैठक में कुलसचिव संतोष सोहगौरा, निदेशक अकादमिक अफेयर्स नवीन कानगो एवं प्रभारी मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल मौजूद थे।

विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग के चार नए पाठ्यक्रम स्वीकृत

शीघ्र ही प्रारम्भ होगी प्रवेश प्रक्रिया

जागरण, सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में अब इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी प्रारम्भ होगी साथ ही हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट और ट्रेवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट पाठ्यक्रम भी शुरू किये जा रहे हैं। ऑल इण्डिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन, आईसीटीइ शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग पाठ्यगिम प्रारम्भ करने की स्वीकृति दे दी है। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में नए स्वीकृत पाठ्यक्रमों को लेकर एक बैठक हुई जिसमें उन्होंने इंजीनियरिंग के दो नए पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंगष् में प्रवेश दिए जाने की कार्ययोजना तैयार करने संबंधी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मैनेजमेंट के दो नए पीजी पाठ्यक्रमों प्हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट तथा ट्रेवेल एंड टूरिज्म मैनेजमेंटमें भी प्रवेश दिए जाने की भी रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग का सृजन किया जा चुका है अभी इंजीनियरिंग के दो पाठ्यक्रमों से शुरुआत हो रही है, भविष्य में इंजीनियरिंग की अन्य शाखाओं के पाठ्यक्रम भी शुरू किये जायेंगे। रोजगार की दृष्टि से यह चारों ही पाठ्यक्रम महत्त्वपूर्ण हैं जो विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

60-60 सीटों की मिली स्वीकृति

प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भागवत ने बताया कि मैनेजमेंट के दोनों नए पीजी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटों की स्वीकृति मिली है। आगामी अकादमिक सत्र से प्रवेश दिए जाने संबंधी आवश्यक तैयारी की जा रही हैं। इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग के प्रभारी निदेशक प्रो. आशीष वर्मा ने बताया कि इंजीनियरिंग के दोनों यूजी पाठ्यक्रमों में 60 /60 सीटों की स्वीकृति मिली है। बैठक में कुल सचिव संतोष सोहगौरा, निदेशक अकादमिक अफेयर्स प्रो. नवीन कानगो एवं प्रभारी मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय में कोविड टीकाकरण शिविर आरंभ

सागर, आचरण। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 27 जुलाई से डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 की प्रिकॉशन डोज हेतु टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस टीकाकरण शिविर में लगभग 100 हितग्राहियों द्वारा कोविड की ऐतिहातन डोज लगवाई गई। इस टीकाकरण के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य केंद्र में विजिटिंग कक्ष, ऑब्जरवेशन कक्ष और टीकाकरण कक्ष निर्धारित किए हैं। जहां यह कार्यक्रम सतत चलेगा। प्रभारी स्वास्थ्य केंद्र एवं समन्वयक टीकाकरण डॉक्टर अभिषेक जैन द्वारा जिला टीकाकरण अधिकारी को पूरे केंद्र की गतिविधियों से अवगत कराया है। माननीय कुलपति प्रो नीलिमा गुप्ता जी द्वारा भी शीघ्र से शीघ्र विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों आदि से वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस संदर्भ में कुलपति ने एक अतिआवश्यक बैठक को भी संबोधित किया। टीकाकरण केंद्र सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुला रहेगा। डॉक्टर अभिषेक जैन ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति जिनके दूसरी खुराक के 6 महीने हो चुके हैं वह कोविड-19 प्रिकॉशन डोज के लिए पात्र होंगे।

टीकाकरण शिविर

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विवि के स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 की प्रिकॉशन डोज हेतु टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. टीकाकरण शिविर में लगभग 100 हितग्राहियों द्वारा कोविड की ऐतिहातन डोज लगवाई गई. इस टीकाकरण के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य केंद्र में विजिटिंग कक्ष, ऑब्जरवेशन कक्ष और टीकाकरण कक्ष निर्धारित किए हैं, जहां यह कार्यक्रम सतत चलेगा. प्रभारी स्वास्थ्य केंद्र एवं समन्वयक टीकाकरण डॉ. अभिषेक जैन द्वारा जिला टीकाकरण अधिकारी को पूरे केंद्र की गतिविधियों से अवगत कराया है.

वृक्ष मनुष्य के स्वाभाविक सहचर एवं संरक्षक हैं: प्रो. नीलिमा गुप्ता

जागरण, सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में हरियाली अमावस्या के अवसर पर नवीन प्रशासनिक भवन परिसर में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने सघन पौध रोपण किया। शिक्षकों, अधिकारियों कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के पर्यावरणीय महत्त्व हेतु वृक्ष मित्र बनने के लिए सामूहिक शपथ दिलवाते हुए कुलपति ने कहा कि वृक्ष मनुष्य के स्वाभाविक सहचर एवं संरक्षक हैं इन्हें जीतना ज्यादा हो सके उतना लगाना चाहिए और उनका पोषण करना चाहिए। वृक्ष धरती के परिधान होने के साथ-साथ वर्षा ऋतु के प्राकृतिक आतिथेय हैं वृक्ष बचेंगे तो ही मानवता बचेगी। इस कार्यक्रम में विकासार्थ विद्यार्थी आयाम सागर के प्रमुख गैर-सरकारी संगठन विचार संस्था एवं अन्य समूहों ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर की विश्वविद्यालयी इकाइयों के माध्यम से वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर कुल सचि संतोष सौहगौरा, पर्यावरण केंद्र के समन्वयक प्रो. दीपक व्यास, प्रो. नवीन कांगो, प्रो. कालीनाथ झा, डॉ. उषा राना, डॉ. सुनीत वालिया, श्रीराम रिछारिया, सहित शिक्षक छात्र-छात्रायें, एनसीसी, एनएसएस के कैडिट्स मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा ने किया।

एक नजर में

अभियान में दो हजार पौधा रोपने का संकल्प लिया

दो हजार पौधारोपण का लक्ष्य लेकर किया पौधारोपण। ● नवदुनिया

सागर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं डा हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दो हजार पौधरोपण का लक्ष्य लेकर अभियान की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि प्रो नीलिमा गुप्ता एवं रजिस्ट्रार संतोष सहगोरा, विभाग संयोजक श्रीराम रिछारिया, रोबिन श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीपप्रज्वलन किया गया। कुलपति ने पौधरोपण कर विश्वविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षमित्र हेतु शपथ दिलाई। इस दौरान राज चौहान, रमन मिश्रा, युवराज, अनुश्री, योगेश, रत्नेश, पुष्पराज, सत्यभगत, उत्कर्ष काजल, प्रियांशी, आयुष, अभिसार मौजूद रहे। (नप्र)

'वृक्ष मनुष्य के स्वाभाविक सहचर एवं संरक्षक है'

सागर @ पत्रिका. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में हरियाली अमावस्या के अवसर पर नवीन प्रशासनिक भवन परिसर में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा सघन वृक्षारोपण किया गया। साथ ही शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के पर्यावरणीय महत्व के लिए वृक्षमित्र बनने के लिए सामूहिक शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि वृक्ष मनुष्य के स्वाभाविक सहचर एवं संरक्षक है। इन्हें जितना ज्यादा हो सके उतना लगाना चाहिए और उनका पोषण करना चाहिए। कार्यक्रम में विकासार्थ विद्यार्थी आयाम, सागर के प्रमुख गैर-सरकारी संगठन विचार संस्था एवं अन्य समूहों ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर की विश्वविद्यालयी इकाइयों के माध्यम से पौधरोपण किया।

आयोजन हरियाली अमावस्या के अवसर पर सघन वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

वृक्ष मनुष्य के स्वाभाविक सहचरः नीलिमा





सागर, आचरण संवाददाता।

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में हरियाली अमावस्या के अवसर पर नवीन प्रशासनिक भवन परिसर में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा सघन वृक्षारोपण किया गया. साथ ही शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के पर्यावरणीय महत्त्व हेतु वृक्षमित्र बनने के लिए सामूहिक शपथ दिलवाते हुए कुलपति प्रो. गुप्ता ने कहा कि वृक्ष मनुष्य के स्वाभाविक सहचर एवं संरक्षक है. इन्हें जीतना ज्यादा हो सके उतना लगाना चाहिए और उनका पोषण करना चाहिए. वृक्ष धरती के परिधान होने के साथ- साथ वर्षा ऋतु के प्राकृतिक आतिथेय है।

वृक्ष बचेंगे तो ही मानवता बचेगी. इस कार्यक्रम में विकासार्थ विद्यार्थी आयाम, सागर के प्रमुख गैर-सरकारी संगठन विचार संस्था एवं अन्य समूहों ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर की विश्वविद्यालयी इकाइयों के माध्यम से वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव संतोष सौहगौरा, पर्यावरण केंद्र के समन्वयक प्रो. दीपक व्यास, प्रो. नवीन कांगो, प्रो. कालीनाथ झा, डॉ. उषा राना, डॉ. सुनीत वालिया, डॉ. वंदना विनायक, डॉ. आशुतोष, श्रीराम रिछारिया, विशाल रांडवा सहित समस्त शिक्षकगण, छात्र - छात्रायें , एन.सी.सी. / एन.एस.एस. के कैडिट्स, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण नवीन प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा ने किया।

वृक्ष मनुष्य के स्वाभाविक सहचर एवं संरक्षक हैं

नवभारत न्यूज

सागर 28 जुलाई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में हरियाली अमावस्या के अवसर पर नवीन प्रशासनिक भवन परिसर में कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता द्वारा सघन वृक्षारोपण किया गया.

कुलपति प्रो. गुप्ता ने कहा कि वृक्ष मनुष्य के स्वाभाविक सहचर एवं संरक्षक है. इन्हें जीतना ज्यादा हो सके उतना लगाना चाहिए और उनका पोषण करना चाहिए. वृक्ष धरती के परिधान होने के साथ-साथ वर्षा ऋतु के प्राकृतिक आतिथेय है, वृक्ष बचेंगे तो ही मानवता बचेगी.कार्यक्रम में विकासार्थ विद्यार्थी आयाम, सागर के प्रमुख गैर-सरकारी संगठन विचार संस्था एवं अन्य समूहों ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर की विश्वविद्यालयी इकाइयों के माध्यम से वृक्षारोपण किया. इस अवसर पर कुलसचिव संतोष सौहगौरा, पर्यावरण केंद्र के समन्वयक प्रो.दीपक व्यास, प्रो. नवीन कांगो, प्रो.कालीनाथ झा, डॉ. उषा राना, डॉ.सुनीत वालिया, डॉ. वंदना विनायक, डॉ. आशुतोष, श्रीराम रिछारिया, विशाल रांडवा आदि मौजूद रहे.

विश्वविद्यालय में लगाया दुर्लभ प्रजाति का कल्पवृक्ष

जागरण, सागर। हरियाली अमावस्या के अवसर पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय के बाजू वाले प्रांगण में विचार समिति द्वारा दुर्लभ प्रजाति का कल्पवृक्ष लगाया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि हम अपने विश्वविद्यालय, विभाग, नगर, घर एवं आसपास वृक्ष लगाएंगे और उनको संरक्षित भी करेंगे। हम अन्य लोगों को भी वृक्षमित्र बनकर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने बताया कि वृक्षरोपण कर इस कार्यक्रम के माध्यम से इस बात पर जोर दिया जाता है कि एक स्थिर और स्वस्थ समाज के संरक्षण के लिए पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना कितना महत्वपूर्ण है।

SagarUniversity DoctorGour Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya,Sagar

संकलन, चयन एवं संपादन

कार्यालय, मीडिया अधिकारी

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

Email- mediaofficer@dhsgsu.edu.in Website- www.dhsgsu.edu.in